प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2026
# इन्टरमीडिएट परीक्षा – 2026

(ANNUAL / वार्षिक )

| प्रश्न पुस्तिका सेट कोड<br>**Question Booklet Set Code** |
| --- |
| |

विषय कोड: / Subject Code : **115/215/315/511** MODEL QUESTION PAPER

PALI (Compulsory)

पालि (अनिवार्य)

कुल प्रश्न : 100 +30+8 = 138 | कुल मुद्रित पृष्ठ : 23

Total Questions : 100 + 30+8 = 138 | Total Printed Pages : 23

(समय : 3 घंटे 15 मिनट) | (पूर्णांक : 100)

[Time : 3 Hours 15 Minutes] | [Full Marks : 100]

---

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश / **Instructions for the candidates :**

1- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
Candidates are required to give their answer in their own words as far as practicable.

3- दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
Figures in the right-hand margin indicate full marks.

4- प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
An extra time of 15 minutes has been allotted to read the questions carefully.

5- यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है – खण्ड "अ" एवं खण्ड "ब"।
This question booklet is divided into two sections – Section "A" and Section "B".

6- खण्ड "अ" में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें 50 प्रश्न अनिवार्य है। यदि परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनके उत्तर देने हेतु OMR उत्तर–पत्रक पर सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

In Section – ‘A’ there are 100 objective type question out of which 50 questions are compulsory. If the candidates answer more than 50 questions, the first 50 questions only will be evaluated. Each question carries 1 mark for answering these darken the correct circle on the OMR answer sheet with black/blue ball pen. Do not use whitener/liquid / blade/ nail etc on the OMR answer sheet otherwise the result will be invalid.

7- खण्ड "ब" में 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं, जिनमें से किसी 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इस खण्ड में 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्ही 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

In Section-B 1 to 30 Short Answer Type Questions. Each question carries 2 marks. Out of which 15 questions are compulsory. In Addition, in this section 31 to 38 Long Answer Type Questions. Each question carries 5 marks. Out of which 4 questions are compulsory.

8- किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड – अ / Section-A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। केवल 50 प्रश्नों के ही उत्तर दें। अपने द्वारा चुने गये विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1- जातक का अर्थ होता है –

(A) मृत्यु संबंधी (B) जन्म–संबंधी

(C) ज्ञान संबंधी (D) जन संबंधी

2- मृग, सतपत्त और कछुआ निम्न में से किस शीर्षक के पात्र हैं –

(A) राजोवाद जातक (B) कुरंगमिग जातक

(C) बावेरू जातक (D) निमि जातक

3- मृग(बोधिसत्व) के बहेलिया के जाल में फँस जाने पर जाल को किसने काटा था –

(A) लोहार (B) बढ़ई

(C) कछुआ (D) स्वर्णकार

4- राजोवाद जातक में ब्रह्मदत्त कुमार कहाँ के राजा थे –

(A) वाराणसी (B) कोसल

(C) अंग (D) मगध

5- निम्न में से कौन अक्रोध से क्रोध को जीतते हैं –

(A) ब्रह्मदत्त कुमार (B) मल्लिक राज

(C) दोनों (D) दोनों में से कोई नहीं

6- निम्न में से कौन चार पूर्व निमित्तों में सम्मिलित नहीं हैं –

(A) बूढ़ा (B) रोगी

(C) मृतक (D) राजकुमार

7- चौथी बार वाटिका–भ्रमण पर निकले राजकुमार सिद्धार्थ ने क्या देखा –

(A) बूढ़ा (B) रोगी

(C) मृतक (D) सन्यासी

8- कुमार सिद्धार्थ के महाभिनिष्क्रमण में कौन सहायक थे –

(A) कन्थक (B) छन्न

(C) दोनों (D) दोनों में से कोई नहीं

9- कुमार सिद्धार्थ के गृहत्याग की घटना का वर्णन कहाँ मिलता है ?

(A) राजोवाद जातक में (B) कुरंगमिग जातक में

(C) महाभिनिष्क्रमण में (D) धम्मचक्कप्पवत्तनं में

10- जीवक कौन था ?

(A) राजा (B) नर्त्तक

(C) वैद्य (D) गायक

11- जीवक कहाँ का निवासी था ?

(A) वैशाली (B) राजगृह

(C) पाटलिपुत्र (D) श्रावस्ती

12- जीवक की माता का क्या नाम था ?

(A) अम्बपालि (B) सालवती

(C) आढ्यकाशी (D) निर्मला

13- देवदत्त बुद्ध का कौन था ?

(A) भाई (B) भतीजा

(C) मित्र (D) इनमें से कोई नहीं

14- देवदत्त भगवान बुद्ध को किन उपायों द्वारा मारना चाहता था –

(A) नालागिरि हाथीं द्वारा (B) हत्यारा द्वारा

(C) शिलाखण्ड लुढ़काकर (D) इन सबों द्वारा

15- 'धम्मचक्कप्पवत्तनं' कहाँ हुआ था ?

(A) बोधगया में (B) सारनाथ में

(C) लुम्बिनी में (D) कुशीनगर में

16- निम्न में से किसे प्रथम आर्य सत्य कहा जाता है ?

(A) दुःख (B) दुःख–निरोध

(C) दुःख–समुदय (D) दुःख–निरोध–गामिनी–प्रतिपदा

17- प्रतीत्यसमुत्पाद के कितने अंग हैं –

(A) 9 (B) 10

(C) 11 (D) 12

18- गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कितने भिक्षुओं को दिया था ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

19- निम्न में से कौन आर्य अष्टांगिक मार्ग का अंश नहीं है –

(A) सम्यक् दृष्टि (B) सम्यक् संकल्प

(C) सम्यक् वचन (D) सम्यक् भजन

20- गौतम बुद्ध के पुत्र का नाम था –

(A) गणेश (B) राहुल

(C) अंगद (D) इनमें से कोई नहीं

21- भगवान बुद्ध द्वारा किस पाठ में दिशा–पूजन का महत्व बताया गया है –

(A) धम्मचक्कप्पवत्तनं (B) महाभिनिक्खमनं

(C) सिगालसुत्तं (D) वसल सुत्तं

22- सिगालसुत्तं के अनुसार पूरब दिशा किसका प्रतीक है ?

(A) आचार्य (B) माता–पिता

(C) स्त्री–पुत्र (D) श्रमण–ब्राह्मण

23- सिगालसुत्तं के अनुसार दक्षिण दिशा किसका प्रतीक है ?

(A) आचार्य (B) माता–पिता

(C) स्त्री–पुत्र (D) श्रमण–ब्राह्मण

24-अम्बपाली कहाँ की गणिका थी –

(A) वैशाली (B) राजगृह

(C) काशी (D) श्रावस्ती

25-लिच्छवी कहाँ के निवासी थे –

(A) पाटलिपुत्र (B) वैशाली

(C) चम्पा (D) श्रावस्ती

26-विशाखा किनकी पुत्री थी –

(A) बिम्बिसार (B) अजातशत्रु

(C) धनंजय (D) अशोक

27-विशाखा ने बुद्ध से कितने वरों की याचना की थी –

(A) 6 (B) 8

(C) 10 (D) 12

28-धनिय–सुत्त का उपदेश किस ऋतु में दिया गया था –

(A) शीत (B) ग्रीष्म

(C) हेमन्त (D) वर्षा

29- धनिय का वार्त्तालाप निम्न में से किसके साथ हुआ था –

(A) देवदत्त (B) सारिपुत्र

(C) बुद्ध (D) आनन्द

30- धनिय–सुत्त कहाँ से लिया गया है –

(A) धम्मपद

(B) सुत्तनिपात

(C) थेरगाथा

(D) उदान

31- पराभव–सुत्त का उपदेश भगवान बुद्ध ने कहाँ दिया था –

(A) वैशाली

(B) बोधगया

(C) श्रावस्ती

(D) अवन्ती

32- पराभव–सुत में किसका वर्णन है –

(A) मूर्खों के लक्षणों का

(B) पतन के कारणों का

(C) सुखी जीवन का

(D) पण्डितों के लक्षणों का

33- 'वसल' का अर्थ होता है –

(A) उत्तम

(B) श्रेष्ठ

(C) महान्

(D) वृषल

34- मनुष्य महान् होता है –

(A) जन्म से

(B) कर्म से

(C) धन से

(D) शक्ति से

35- 'बालवग्गो' में 'बाल' शब्द का अर्थ है –

(A) मूर्ख

(B) विद्वान

(C) महान्

(D) बलवान्

36- 'बालवग्गो' कहाँ से लिया गया है –

(A) धम्मपद से
(B) उदान से
(C) जातक से
(D) सुत्तनिपात से

37- पब्बज्जा–सुत में किसके प्रव्रज्या की कथा है –

(A) आनन्द की
(B) उपालि की
(C) भगवान बुद्ध की
(D) सारिपुत्र की

38- भगवान बुद्ध के प्रव्रज्या–ग्रहण के समय मगध का शासक कौन था ?

(A) बिम्बिसार
(B) अजातशत्रु
(C) चन्द्रगुप्त मौर्य
(D) अशोक

39- शिल्प (विद्या) के महत्व पर प्रकाश डाला गया है –

(A) वसलसुत्त में
(B) नीतिगाथा में
(C) ब्राह्मणधम्मिकसुत्त में
(D) इनमें से कोई नहीं

40- नीतिगाथा में सज्जन की उपमा किससे दिया गया है –

(A) गूलर से
(B) कटहल से
(C) आम से
(D) नीम से

41- नीतिगाथा में गूलर के समान किसे माना गया है –

(A) सज्जन को
(B) दुर्जन को
(C) दोनों को
(D) इनमें से कोई नहीं

42- पण्डितवग्गो में किसका लक्षण बताया गया है –

(A) मूर्खों का (B) ज्ञानी जनों को

(C) गायकों का (D) नर्त्तकों का

43- पण्डितवग्गो कहाँ से लिया गया है –

(A) सुत्तनिपात से (B) धम्मपद से

(C) जातक से (D) उदान से

44- निम्न में से कौन 'परम–सुख' है –

(A) निर्वाण–प्राप्ति (B) स्वास्थ्य–प्राप्ति

(C) धन–प्राप्ति (D) पुत्र–प्राप्ति

45- सुखवग्गो के अनुसार विजय क्या उत्पन्न करती है –

(A) प्रेम (B) वैर

(C) ज्ञान (D) इनमें से कोई नहीं

46- 'महामंगलसुत्त' कहाँ से लिया गया है –

(A) सुत्तनिपात से (B) धम्मपद से

(C) जातक से (D) थेरगाथा से

47- प्राचीन भारतीय ब्राह्मणों के उत्थान एवं पतन का वर्णन है –

(A) नीतिगाथा में (B) पब्बज्जासुत्त में

(C) ब्राह्मणधम्मिकसुत्त में (D) वसलसुत्त में

48- ब्राह्मणधम्मिकसुत्त के अनुसार पहले के ब्राह्मण कितने वर्षों तक ब्रह्मचर्य का पालन करते थे–

(A) 45
(B) 46
(C) 47
(D) 48

49- भगवान बुद्ध के धातु (अस्थि–अवशेष) का विभाजन किसने किया था –

(A) आनन्द ने
(B) महाकाश्यप ने
(C) द्रोण ने
(D) सारिपुत्र ने

50- द्रोण ने बुद्ध के अस्थि–अवशेषों को कितने भागों में बाँटा –

(A) 6
(B) 7
(C) 8
(D) 9

51- निम्न में से किन्होंने अपने उपदेश पालि भाषा में दिया था –

(A) महावीर
(B) बुद्ध
(C) लाओत्से
(D) कबीर

52- निम्न में से कौन त्रिपिटक का अंग नहीं है ?

(A) सुत्त
(B) विनय
(C) अभिधम्म
(D) विशुद्धिमग्ग

53- सुत्त पिटक में कितने निकाय हैं –

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 5

54- दीघनिकाय में कितने सुत्त हैं –

(A) 32 (B) 33

(C) 34 (D) 35

55- मज्झिमनिकाय में कितने सुत्त हैं –

(A) 150 (B) 151

(C) 152 (D) 153

56- संयुत्तनिकाय में कितने संयुत्त हैं –

(A) 53 (B) 54

(C) 55 (D) 56

57- अंगुत्तरनिकाय में कितने निपात हैं –

(A) 9 (B) 10

(C) 11 (D) 12

58- खुद्दकनिकाय में कितने ग्रन्थ हैं –

(A) 5 (B) 10

(C) 15 (D) 20

59- धम्मपद किस निकाय का ग्रन्थ है –

(A) दीघनिकाय (B) मज्झिमनिकाय

(C) अंगुत्तरनिकाय (D) खुद्दकनिकाय

60- धम्मपद में कितनी गाथाएँ हैं –

(A) 421 (B) 422

(C) 423 (D) 424

61- धम्मपद में कितने वग्ग हैं –

(A) 24 (B) 25

(C) 26 (D) 27

62- बौद्धों का गीता किसे कहा जाता है –

(A) जातक (B) धम्मपद

(C) सुत्तनिपात (D) उदान

63- विनयपिटक में कितने ग्रन्थ हैं –

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

64- निम्न में कौन विनयपिटक का ग्रन्थ नहीं है –

(A) पाराजिक (B) पाचित्तिय

(C) महावग्ग (D) जातक

65- भिक्षु संघ का संविधान किसे कहा जाता है –

(A) सुत्तपिटक (B) विनयपिटक

(C) अभिधम्मपिटक (D) मिलिन्दप्रश्न

66- निम्न में से कौन अभिधम्मपिटक का ग्रन्थ नहीं है –

(A) धम्मसंगणि (B) विभंग

(C) धातुकथा (D) परिवार

67- अभिधम्मपिटक में कितने ग्रंथ हैं –

(A) 5 (B) 6

(C) 7 (D) 8

68- निम्न में से कौन परमार्थ नहीं है –

(A) चित्त (B) चैतसिक

(C) रूप (D) ज्ञान

69- प्रथम संगीति का आयोजन कहाँ हुआ था –

(A) वैशाली (B) राजगृह

(C) पाटलिपुत्र (D) कुशीनगर

70- प्रथम संगीति के अध्यक्ष थे –

(A) रेवत (B) महाकाश्यप

(C) आनन्द (D) उपालि

71- द्वितीय संगीति के अध्यक्ष थे –

(A) महाकाश्यप (B) रेवत

(C) मोगालिपुत्ततिस्स (D) आनन्द

72- द्वितीय संगीति का आयोजन कहाँ हुआ था –

(A) वैशाली (B) राजगृह

(C) पाटलिपुत्र (D) श्रावस्ती

73- तृतीय संगीति का आयोजन कहाँ हुआ था –

(A) राजगृह (B) वैशाली

(C) पाटलिपुत्र (D) कुशीनगर

74- निम्न में से किस पुस्तक को तृतीय संगीति में अंगीकार किया गया था –

(A) धम्मसंगणि (B) विभंग

(C) कथावत्थु (D) धातुकथा

75- किस संगीति के निर्णयानुसार धर्मप्रचारकों को विदेशों में भेजा गया था –

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) इनमें से कोई नहीं

76- कच्चान व्याकरण के अनुसार पालि में कितने वर्ण हैं –

(A) 39 (B) 40

(C) 41 (D) 42

77- कच्चान व्याकरण के अनुसार पालि में स्वरों की संख्या है –

(A) 5 (B) 6

(C) 7 (D) 8

78- पालि में व्यंजनों की संख्या है –

(A) 30 (B) 31

(C) 32 (D) 33

79- 'बुद्ध' शब्द का रुप द्वितीया विभक्ति एकवचन में होगा –

(A) बुद्धो (B) बुद्धा

(C) बुद्धं (D) बुद्धे

80- 'बुद्ध' शब्द का रुप चतुर्थी विभक्ति बहुवचन में होगा –

(A) बुद्धो (B) बुद्धा

(C) बुद्धानं (D) बुद्धाय

81- 'लता' शब्द का रुप द्वितीया विभक्ति बहुवचन में होगा –

(A) लतायो (B) लतायं

(C) लताय (D) लतासु

82- 'अम्ह' सर्वनाम का रुप प्रथमा एकवचन में होगा –

(A) अहं (B) मयं

(C) मं (D) मया

83- 'पठ' धातु का रुप भविष्यत्काल प्रथम पुरूष एकवचन में होगा –

(A) पठिस्सति (B) पठिस्सन्ति

(C) पठिस्ससि (D) पठिस्सथ

84- 'लिख' धातु का रूप वर्त्तमानकाल मध्यम पुरुष एकवचन में होगा –

(A) लिखति (B) लिखन्ति

(C) लिखसि (D) लिखथ

85- कर्त्ता कारक में कौन सी विभक्ति लगती है –

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

86- कर्म कारक का विभक्ति–चिह्न क्या होता है –

(A) ने (B) को

(C) से (D) के लिए

87- पालि में लिX होते हैं –

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

88- पालि में वचन होते हैं –

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

89- 'धर्म' का पालि रूप –

(A) धर्म (B) धम

(C) धम्म (D) धरम

90- 'तत्रिमे' का सन्धि–विच्छेद होगा –

(A) तत्रि + में (B) तत्र + इमे

(C) तत्थ + मे (D) त + त्रिमे

91- 'स्वागतं' का सन्धि विच्छेद होगा –

(A) स्वा + गतं (B) स्वाग + तं

(C) सु + आगतं (D) स्व + आगतं

92- 'त्वंसि' का सन्धि– विच्छेद होगा –

(A) त्वं + सि (B) त्वं + असि

(C) त्वं + अंसि (D) त + असि

93- दो या दो से अधिक पदों के सार्थक मेल को कहते हैं –

(A) सन्धि (B) समास

(C) उपसर्ग (D) कारक

94- 'उपनगर' कौन समास है –

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरूष

(C) कर्मधारय (D) बहुब्रीहि

95- 'गामगतो' कौन सा समास है –

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरूष

(C) कर्मधारय (D) बहुब्रीहि

96- 'कण्हसप्पो' कौन सा समास है –

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरूष

(C) कर्मधारय (D) बहुब्रीहि

97- 'तिलोकं' कौन सा समास है –

(A) द्विगु (B) कर्मधारय

(C) बहुब्रीहि (D) अव्ययीभाव

98- पालि में उपसर्ग कितने होते हैं –

(A) 17 (B) 18

(C) 19 (D) 20

99- 'भिक्षु' का पालि रूप होगा –

(A) भिखु (B) भिक्खु

(C) भीक्खु (D) भीखु

100- 'वह पुस्तक पढ़ता है' का पालि रूप होगा –

(A) सो पोत्यकं पठति (B) सः पुस्तकम् पठति

(C) ते पोत्थकं पठति (D) सो पोत्थकं पठन्ति

## खण्ड – ब / Section-B

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। 15 x 2 = 30

1- बेधिसत्व(मृग) के जाल में फँस जाने पर उनके साथियों ने क्या करने का निश्चय किया ?

2- 'राजोवादजातक' के अनुसार ब्रह्मदत्त कुमार के शील गुणों को लिखें।

3- चार पूर्व निमित्तों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

4- 'महाभिनिष्क्रमण' से आप क्या समझते हैं ?

5- द्वितीय आर्य सत्य का संक्षिप्त परिचय दें।

6- राहुल कौन था ?

7- सिगाल के पिता की अंतिम इच्छा क्या थी ?

8- अम्बपालि कौन थी ?

9- 'पण्डितवग्गो' के आधार पर पण्डित के लक्षणों को संक्षेप में लिखें।

10- 'सुखवग्गो' के आधार पर सुखी एवं शान्त जीवन यापन के उपायों को संक्षेप में लिखें ?

11- 'महामंगल सुत्त' के आधार पर उत्तम मंगलों को संक्षेप में लिखें ?

12- प्राचीन ब्राह्मणो के उत्थान के किन्हीं चार कारणों को लिखें ?

13- 'धातुविभाजनीय कथा' के आधार पर बुद्धकालीन चार गणराज्यों के नाम लिखें ?

14- आर्य अष्टांगिक मार्ग के आठों अंगों के नाम लिखें।

15- प्रतीव्यसमुत्पाद की बारह कड़ियों के नाम लिखें।

16- त्रिपिटक से आप क्या समझते हैं ?

17- सुत्तपिटक में कितने निकाय है ? उनके नाम लिखें।

18- बोधगया पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

19- खुद्दकनिकाय के किन्हीं पाँच ग्रन्थों के नाम लिखें।

20- धम्मपद पर एक टिप्पणी लिखें।

21- विनयपिटक के पाँचों ग्रन्थों के नाम लिखें।

22- 'पठ' धातु का रूप वर्त्तमान काल में लिखें ?

23- 'लिख' धातु का रूप भविष्यत् काल में लिखें।

24- किन्हीं पाँच उपसर्गों के नाम लिखें।

25- सन्धि की परिभाषा दें।

26- 'वह गाँव से आता है' – पालि में अनुवाद करें।

27- 'बुद्धं सरणं गच्छामिं' – हिन्दी में अनुवाद करें।

28- 'लोकहिताय बुद्धो धम्मं देसेति' – हिन्दी में अनुवाद करें।

29- 'भिक्षु लोग ध्यान करते हैं' – पालि में अनुवाद करें।

30- पाटलिपुत्र पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से केवल 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक निर्धारित हैं। $4 \times 5 = 20$

31- 'धम्मचक्कप्पवत्तनसुत्त' के आधार पर चार आर्य सत्यों का वर्णन करें। 5

32- 'अम्बपालिगणिका' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखें। 5

33- 'सुखवग्गो में वास्तविक सुख और शान्ति का संदेश प्रस्तुत किया गया है।' इस कथन की विवेचना करें। 5

34- 'धातुविभाजनीय कथा' का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

35- 'लता' शब्द का रूप सभी विभक्तियों एवं वचनों में लिखें। 5

36- तृतीय संगीति का सविस्तार उल्लेख करें। 5

37- समास को परिभाषित करते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखें। 5

38- "संखित्तेन पञ्चुपादानक्खन्धा दुक्खा" – सप्रसंग व्याख्या करें। 5